# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
## वी. रामलिंगस्वामी भवन, नई दिल्ली

**विज्ञापन.सं: परिषद मुख्यालय/अपर महानिदेशक(आईएम)/01/2026-आरपीसेल**

**रिक्ति-परिपत्र**

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख: 31.08.2026**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित 27 संस्थानों/केन्द्रों तथा बड़ी संख्या में फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव-चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी कार्य कर रहा है।

यह परिषद, वेतन मैट्रिक्स के **वेतन स्तर-15 (₹182200-224100) (7वाँ सीपीसी वेतनमान)** और सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के आधार पर आईसीएमआर के कर्मचारियों के लिए यथाग्राह्य सामान्य भत्तों सहित परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में इंट्राम्यूरल अनुसंधान प्रकोष्ठ का नेतृत्व करने हेतु **अपर महानिदेशक के रिक्त पद को भरने के लिए दिनांक 31 अगस्त, 2026 को सायं 5:30 बजे तक** भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**अनिवार्य अर्हता और अनुभव⁎:**

| | **अनिवार्य अर्हता** | **अनिवार्य अनुभव⁎** |
|---|---|---|
| **अर्हता और अनुभव** | • एमसीआई/एनएमसी से मान्यता प्राप्त एम.डी./एम.एस. अथवा समकक्ष डिग्री<br>**या**<br>• एमसीआई/एनएमसी से मान्यता प्राप्त एम.बी.बी.एस. अथवा समकक्ष डिग्री ,साथ ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.पी.एच.<br>**या**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषय में पीएचडी सहित एमसीआई/एनएमसी से मान्यता प्राप्त जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित किसी विषय में मास्टर डिग्री या MBBS या समकक्ष डिग्री। | **17 वर्ष का अनुभवः**<br>• प्रबंधकीय पद पर कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव तथा स्वतंत्र रूप से अनुसंधान एवं विकास (R&D) परियोजनाओं का संचालन किया हो (जैसे वैज्ञानिक अध्ययनों के प्रधान अन्वेषक (PI)या सह-प्रधान अन्वेषक(Co-PI), अनुसंधानसमूह/केन्द्र/संस्थान/प्रयोगशालाओं के प्रमुख के रुप में।<br>**और**<br>• वेतन मैट्रिक्स स्तर-14 पर अथवा समय-समय पर यथा संशोधित समकक्ष पद पर 03 वर्ष नियमित सेवा करने का अनुभव। |
| | **सीधी भर्ती द्वारा :**<br>3 वर्ष की अवधि, जिसे अधिकतम 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, अथवा अधिवर्षिता की आयु तक, इनमें से जो भी पहले हो। कार्यकाल के दौरान, यदि पदधारी आईसीएमआर से है, तो वह आईसीएमआर में अपने मूल पद पर अधिकार बनाए रखेगा/रखेगी। | |

| | |
|---|---|
| **नियुक्ति-प्रकिया, कार्यकाल एवं शर्तें** | **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा :**<br>3 वर्ष की अवधि, जिसे अधिकतम 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार से वैज्ञानिक या केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार की प्रतिष्ठित स्वायत्त संस्थाएँ या अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक :<br>**क**. नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करने वाले; अथवा<br>**ख**. जैसा कि ऊपर बताया गया है सीधी भर्ती हेतु निर्धारित समान अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव रखने वाले।<br>**नोट 1.** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पणी 2.** आईसीएमआर के वैज्ञानिक प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्हें सीधी भर्ती के अंतर्गत आवेदन करना होगा।<br>**टिप्पणी 3.** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पूर्व किसी अन्य संगठन/विभाग में अतिरिक्त संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी सामान्यतः 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

**नोट :**

1. पी.एच.डी को 04 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।
2. एमडी/एमएस या समकक्ष को 3 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा।
3. एमवीएससी को 2 वर्ष के अनुभव के समान माना जाएगा।
4. एमपीएच/एम.टेक/एमई को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।
5. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में जैव चिकित्सा से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में कार्य करने का अनुभव स्वीकार्य होगा।

**2. सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा :**

- अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष है। (भारत सरकार के अनुदेशानुसार छूट है)।
- भारत सरकार के मौजूदा अनुदेशों के अलावा,आयु संबंधी छूट, यदि किसी अभ्यर्थी का जीवनवृत्त (CV)/अनुभव असाधारण रूप से उत्कृष्टतम है, तो अध्यक्ष, शासी परिषद, आईसीएमआर की स्वीकृति से, कारणों को लिखित रूप में दर्ज करते हुए, निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।

**3. शुल्क:**

आवेदन शुल्क (**अदेय**) के रूप में 1500/- रुपये (केवल एक हज़ार पाँच सौ रुपये) जमा करना आवश्यक है।अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट है। आवेदन शुल्क का भुगतान अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना होगा।

**4. आवेदन करने की प्रक्रिया :**

i) अभ्यर्थियों को केवल, वेबसाइट: https://recruitment.icmr.org.in पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा।

ii) आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित **स्वप्रमाणित अपेक्षित दस्तावेज़** संलग्न किए जाने चाहिए :

क) जन्मतिथि प्रमाण-पत्र

ख) शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाण-पत्र

ग) अनुभव प्रमाण-पत्र (जिसमें सेवा अवधि, वेतन स्तर तथा अन्य प्रासंगिक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हों)

**5. अन्य शर्तें :**

i) आवेदन पत्र ऑनलाइन आवेदन शुल्क सहित प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ii) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।

iii) यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कोई असत्य जानकारी दी गई हो अथवा कोई तथ्य छिपाया गया हो और यह भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी समय संज्ञान में आता है, तो उसकी उम्मीदवारी/सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

iv) अपूर्ण आवेदन अथवा सहायक दस्तावेज़ों के बिना प्रस्तुत आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।

v) शैक्षणिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज़, जैसा कि दावा किया गया है, अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने है।

vi) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को अपने नियोक्ता से प्राप्त एक **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।**

vii) किसी भी प्रकार का बाहरी प्रभाव (राजनीतिक अथवा अन्यथा) अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर देगा।

viii) जिन विषयों पर कोई विशिष्ट अनुदेश नहीं दिए गए हैं, उनका निर्णय आईसीएमआर द्वारा किया जाएगा और वो निर्णय अभ्यर्थियों पर अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

ix) आगे किसी भी प्रकार का विवरण/पत्राचार केवल परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से आईसीएमआर वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

x) भर्ती से संबंधित विज्ञापन के विरुद्ध कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

xi) परिषद इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या पुनः नये रुप में प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

**6. अल्पसूचीबध्दता मानदंड :**

**क**) प्रथम चरण में, उन सभी अभ्यर्थियों की छंटनी की जाएगी जो आयु, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताओं एवं अपेक्षित अनुभव (जहाँ अपेक्षित हो) की न्यूनतम पात्रता पूरी करते होंगे।

**ख)** यदि ऐसे छंटनी किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक हो जाती है और सभी को साक्षात्कार हेतु बुलाना संभव नहीं होता है, तो परिषद के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित उपयुक्त अल्पसूचीबध्दता मानदंडों के आधार पर परिषद अभ्यर्थियों की आगे ओर भी छंटनी करेगा। यह

मानदंड मामले-दर-मामले भिन्न हो सकता है, तथापि आईसीएमआर सामान्यतः उन अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देता है जिनके पास संबंधित क्षेत्र में अधिक अनुभव हो अथवा जिनकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो, जैसा भी नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाए।

नोटः

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में **प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे** (IST) के बीच 011-26589167 पर कॉल करें या query.rpcell@icmr.gov.in पर ईमेल करें।

**-हस्त-**

**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**

*******